अनुक्रमांक

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

नाम .......

936

# 830 (EB)

## 2016

## चित्रकला

**केवल प्रश्न-पत्र**

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक : 70*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii)* *मुख-पृष्ठ (Cover-Page) तथा प्रत्येक उत्तर-पत्र के ऊपर दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ़-साफ़ लिखिए । सभी प्रपत्रों पर कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर करवाइए । केन्द्र व्यवस्थापक की स्पष्ट हस्ताक्षरयुक्त मुहर (Facsimile) अपने सभी ड्राइंग पेपर पर लगवाइए ।*

*(iii)* *प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभाजित है । इनमें से खण्ड क का प्रश्न **अनिवार्य** है । खण्ड ख और खण्ड ग में से किसी **एक** खण्ड के ही प्रश्न हल करने हैं ।*



*(iv)* *खण्ड क के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' अथवा 'आलेखन' अथवा 'प्राविधिक कला' में से केवल **एक** का ही चित्रण करना है ।*

*(v)* *खण्ड ख के 'स्मृति चित्रण' **अथवा** खण्ड ग के 'भारतीय चित्रकला' में से किसी **एक** के ही उत्तर देने हैं ।*

---

### खण्ड क

### (अनिवार्य)

### (प्राकृतिक दृश्य चित्रण)

1. 20 सेमी $\times$ 15 सेमी के आयत में ग्रामीण सूर्योदय का दृश्य चित्रण कीजिए । नदी के किनारे एक गाँव का दृश्य, आकाश में उड़ते कुछ पक्षी, कुछ झोपड़ियाँ, पेड़ की छाया में बैठी गाय व बकरी और सिर पर फूलों की टोकरी रखे घर लौटती महिला दर्शाइए ।

   चित्र में जल रंगों अथवा पेस्टल रंगों का प्रयोग कीजिए ।

   चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का विशेष ध्यान रखिए :

   (क) सही संरचना एवं परिप्रेक्ष्य 15

   (ख) संयोजन $7\frac{1}{2}$

   (ग) सुसंगत रंगों का प्रयोग 15

   (घ) आकर्षण एवं सामान्य प्रभाव $7\frac{1}{2}$

**अथवा**

## (आलेखन)

16 सेमी व्यास के एक वृत्त में एक पूर्ण इकाई वाले मौलिक आलेखन की रचना कीजिए, जो किसी भारतीय पुष्प, उसकी पत्तियों एवं कलियों पर आधारित हो । आलेखन फ़र्श के मध्य के लिए उपयुक्त हो । आलेखन में तीन जल रंगों का प्रयोग कीजिए । ट्रेसिंग करना मना है ।

आलेखन करते समय निम्नलिखित बातों पर ध्यान दीजिए :

(क) इकाई की मौलिकता — 15

(ख) संयोजन — $7\frac{1}{2}$

(ग) उत्तम रंग संगति — 15

(घ) सामान्य आकर्षण — $7\frac{1}{2}$

## अथवा

## (प्राविधिक कला)

***निर्देश :***

*(i)* *निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक रचना में निर्दिष्ट रेखाएँ, रचनात्मक रेखाएँ एवं अभीष्ट रेखाएँ स्पष्ट दिखाइए । रचना में रचनात्मक रेखाएँ न मिटाएँ ।*

*(iii)* *रफ़ कार्य फुलस्केप पेपर पर करें और इसे भी अपने उत्तर प्रपत्र के साथ संलग्न करें ।*



(अ) 5 सेमी तथा 6 सेमी व्यास के दो वृत्त इस प्रकार खींचिए कि दोनों आपस में स्पर्श करें । एक तीसरा वृत्त इन दोनों वृत्तों को बाहर से घेरता तथा स्पर्श करता हुआ खींचिए । — 7+8

(ब) एक समद्विबाहु त्रिभुज बनाइए जिसका प्रत्येक आधार कोण 50° का हो । इसके अन्तर्गत एक अर्द्धवृत्त की रचना कीजिए । — 5+10

(स) 2·5 सेमी त्रिज्या के दो समान वृत्तों के केन्द्र 8 सेमी की दूरी पर हैं । दोनों वृत्तों की बाह्य उभयनिष्ठ स्पर्शरेखा खींचिए । — 5+10

(द) 8 सेमी व्यास वाले वृत्त में एक आकर्षक ज्यामितीय आलेखन चापों और रेखाओं के संयोजन से चित्रित कीजिए जो फ़र्श के केन्द्र के लिए उपयुक्त हो । — 5+10

(य) एक साधारण मापनी की रचना कीजिए जिससे मीटर और डेसीमीटर नापे जा सकें, जबकि 2·5 सेमी द्वारा एक मीटर की दूरी प्रकट की जाए । इस मापनी पर 3 मीटर 6 डेसीमीटर की दूरी दर्शाइए । निरूपक भिन्न (R.F.) भी ज्ञात कीजिए । — 8+4+3

## खण्ड ख

## (स्मृति चित्रण)

2. (क) निम्नलिखित में से किसी ***एक*** का स्मृति चित्र पेन्सिल द्वारा बनाइए । चित्र 15 सेमी से छोटा नहीं होना चाहिए ।

चित्रांकन में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए :

(I) रेखा सौष्ठव *6*

(II) आकृति की अनुरूपता $6\frac{1}{2}$

(i) दवात

(ii) पतंग

(iii) क्रिकेट बैट और बॉल

(iv) जग

(ख) निम्नलिखित में से किसी ***एक*** का स्मृति चित्र पेन्सिल द्वारा बनाइए । चित्र 15 सेमी से छोटा नहीं होना चाहिए ।

चित्रांकन में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए :

(I) रेखा सौष्ठव *6*

(II) सही आकार एवं अनुरूपता $6\frac{1}{2}$

(i) बैंगन

(ii) भिन्डी

(iii) पपीता

(iv) आम पत्तियों सहित

**अथवा**



## खण्ड ग

## (भारतीय चित्रकला)

3. (क) भारतीय चित्रकला की विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *15*

**अथवा**

अजन्ता गुफाओं की विशेषताओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए । *15*

**अथवा**

भारतीय चित्रकला में "वर्णिका भंग" का महत्त्व बताइए । *15*

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार विकल्पों में दिए गए हैं । सही विकल्प चुनकर क्रमवार लिखिए ।

(i) निम्नलिखित में से द्वितीयक रंग कौन-सा है ? *1*

(अ) लाल

(ब) नारंगी

(स) नीला

(द) पीला

(ii) निम्नलिखित में से प्राथमिक रंगों का समूह कौन-सा है ? *1*

(अ) लाल, पीला, नारंगी

(ब) पीला, लाल, नीला

(स) नारंगी, हरा, बैंगनी

(द) काला, भूरा, सफ़ेद

(iii) तटस्थ रंग कितने होते हैं ? *1*

(अ) चार

(ब) दो

(स) तीन

(द) एक

(iv) इन्द्रधनुष में कितने रंग होते हैं ? *1*

(अ) चार

(ब) छह

(स) सात

(द) आठ

(v) कौन-सी पेन्सिल से बनाई गई रेखा अधिक काली (गहरी) होती है ? *1*

(अ) एच बी (HB)

(ब) एच (H)

(स) 2बी (2B)

(द) 2एच (2H)

(vi) एक बिन्दु पर बने सभी कोणों का योगफल होता है *1*

(अ) 180°

(ब) 90°

(स) 360°

(द) 60°



(vii) मुग़ल शैली के प्रसिद्ध चित्रकार थे *1*

(अ) राम सुन्दर

(ब) मंसूर

(स) अयोध्या

(द) राम लाल

(viii) चित्रकला से सम्बन्धित ग्रन्थ का नाम है *1*

(अ) मेघदूत

(ब) रामायण

(स) महाभारत

(द) हेरीटेज ऑफ़ अजन्ता

(ix) अजन्ता की गुफाओं की खोज किसने की ? *1*

(अ) आर्यों ने

(ब) राजपूतों ने

(स) मुग़लों ने

(द) अंग्रेज़ों ने

(x) इस राज्य में "राज्य ललित कला अकादमी" कहाँ स्थित है ? *1*

(अ) वाराणसी

(ब) कानपुर

(स) लखनऊ

(द) इलाहाबाद